विज्ञापन सं. परिषद मुख्यालय/2018/04/प्रशा.1

# भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद

## रिक्त पद-परिपत्र

**********

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) , स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत संगठन है। परिषद द्वारा परिषद मुख्यालय के इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च यूनिट (आईजेएमआर) के लिए वेतन मैट्रिक्स (रुपये 67700-208700)के वेतन स्तर-11 में वैज्ञानिक-सी (गैर-चिकित्सकीय) (अनारक्षित) पद को सीधी भर्ती के आधार पर भरने के लिए आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। यह पद पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों के लिए अधिसूचित नहीं है।

2. **(क) योग्यता शर्तः**

**(1) अनिवार्य योग्यताएंः-**

किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से जीवन विज्ञान (जिसमें जैव-चिकित्सा विज्ञान, भेषजगुण विज्ञान, प्राणी विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जैवसूचना, चिकित्सा, दंत एवं पशु चिकित्सा विज्ञान, पशुपालन, पर्यावरण विज्ञान और जीवन विज्ञान से संबंधित अनुप्रयुक्त विषय शामिल है) में प्रथम श्रेणी की स्नातकोत्तर डिग्री सहित स्नातकोत्तर डिग्री के पश्चात अनुसंधान एवं विकास/शिक्षण का कम से कम 4 वर्षों का अनुभव।

अथवा

जैसाकि ऊपर वर्णित है, किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से जीवन विज्ञान में एम.एससी की द्वितीय श्रेणी की डिग्री+संबंधित विषय में पीएच.डी सहित पीएच.डी के पश्चात अनुसंधान एवं विकास/शिक्षण का कम से कम 4 वर्षों का अनुभव।

**(2) वांछनीय योग्यताएंः**

(i) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से संबंधित क्षेत्र /विषय में पोस्ट डॉक्टरीय अनुसंधान/शिक्षण का अनुभव।
(ii) कम्प्यूटर अनुप्रयोगों या उपकरणों का बुद्धिमत्तापूर्ण प्रयोग / डाटा प्रबंधन का ज्ञान।

नोटः संबंधित विषय में पीएच.डी की डिग्री को 3 वर्षों के अनुभव के समान माना जाएगा।

(ख) आयु सीमाः 29.09.2018 तक अधिकतम 40 वर्ष।

**3. पद से अपेक्षित कार्यः**

(i) इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च के प्रधान संपादक को निम्न कार्यों में सहायता करनाः
  (क) आईजेएमआर को प्रस्तुत की गई पांडुलिपियों का संपादकीय प्रक्रिया।
  (ख) ऑनलाइन प्रसंस्करण, आईजेएमआर की लेखन सामग्री की गहन समीक्षा तथा लेखकों और समीक्षकों के साथ पत्राचार,
  (ग) विद्वतापूर्ण पत्राचारों से संबंधित डाटा बेस की खोज करना तथा
  (घ) आईजेएमआर के प्रकाशन से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाएं।
(ii) वैज्ञानिक लेखन, प्रूफरीडिंग और प्रतिलिपियों के संपादन का अनुभव/कौशल।

4. योग्य उम्मीदवार परिषद की वेबसाइट (http://www.icmr.nic.in. >रोजगार>स्थाई पद>आईजेएमआर एकक, परिषद मुख्यालय के लिए वैज्ञानिक सी(गैर चिकित्सकीय के पद हेतु विज्ञापन) पर उपलब्ध निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन–पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन–पत्र सहायक महानिदेशक (प्रशा.), भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, कमरा सं. 207, वी. रामलिंगस्वामी भवन, अंसारी नगर, नई दिल्ली–110029 को दिनांक 29 सितम्बर, 2018 तक या उससे पहले तक पहुंच जाने चाहिए।

5. चयनित उम्मीदवारों को सीधी भर्ती के आधार पर नियुक्त किया जाएगा। वेतन और भत्ते लागू नियमों के अनुसार दिए जाएंगे। वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (ईसीडी एवं पीआर प्रभाग) की 1.1.2004 से लागू दिनांक 22.12.2003 की अधिसूचना सं. 5/7/2003-पीआर के अनुसार नई पुनः संरचित पारिभाषित अंशदायी पेंशन योजना के अनुसार पेंशन ग्राह्य होगी।

क्रमशः.........2

**6. रियायत और छूटः**

(क) आयु में छूट

(i) कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए अनुदेशानुसार सरकारी सेवकों और पूर्व सैनिकों के लिए 5 वर्ष तक की छूट है।

(ii) महानिदेशक, आईसीएमआर द्वारा अनुभव और योग्यता के विशेष मामलों में छूट दी जा सकती है।

(ख) **परीक्षा शुल्क के भुगतान में छूटः** अनुसूचित जाति/जनजाति, महिला और पीडब्ल्यूडी उम्मीद्वारों तथा विदेश में रहने वाले उम्मीद्वारों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट है। आवेदन शुल्क में छूट लेने के लिए प्रमाण-पत्र तथा विदेश में रहने वाले उम्मीद्वारों को आवासीय साक्ष्य (जो भी लागू हो) आदि आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत करने होंगे। एक बार भुगतान किए जाने के पश्चात किसी भी परिस्थिति में शुल्क वापस नहीं किया जाएगा और न ही किसी अन्य परीक्षा या चयन के लिए आरक्षित किया जाएगा।

**7. आवेदन कैसे करें:**

(क) उम्मीदवार निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ आईसीएमआर की वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित प्रपत्र में आवेदन करें:

(i) महानिदेशक, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के हक में 500/- रुपये का आवेदन शुल्क का डिमांड ड्राफ्ट, यदि लागू हो, तो।

(ii) आयु के दावे के समर्थन में जन्म-तिथि दर्शाने वाला केन्द्र/राज्य बोर्ड द्वारा जारी किया गया मैट्रिक/10वीं कक्षा या समकक्ष परीक्षा का प्रमाण-पत्र/अंक तालिका। जहां उक्त प्रमाण-पत्र/अंक तालिका में जन्म-तिथि नहीं है, तो उपयुक्त प्राधिकरण द्वारा जारी किया गया जन्म-तिथि प्रमाण-पत्र की प्रतिलिपि जो कि स्वयं द्वारा सत्यापित हो।

(iii) बताई गई शैक्षिक योग्यता के साक्ष्य के रूप में डिग्री प्रमाण-पत्र। डिग्री प्रमाण-पत्र के अभाव में, अंक तालिका के साथ अस्थाई प्रमाण-पत्र की प्रतिलिपि जो कि स्वयं द्वारा सत्यापित हो।

(iv) अनुभव के प्रमाण-पत्र / (त्रों) में पदनाम, अवधि( दिनांक, महीना और वर्ष), मूल वेतन और / या समेकित वेतन और रोजगार के दौरान किए गए कर्तव्यों की प्रकृति और प्राप्त किए गए अनुभव का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाना चाहिए।

(v) केन्द्रीय/राज्य सरकार के विभागों/सार्वजनिक उपक्रमों/स्वायत संगठनों और सरकार द्वारा वित्तपोषित शोध एजेंसियों में कार्यरत कर्मचारी अपना आवेदन उचित माध्यम से भिजवाएं। व्यक्तिगत चर्चा/साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से ***"अनापत्ती प्रमाण-पत्र"*** प्रस्तुत करने की शर्त पर ही आवेदन-पत्र की अग्रिम प्रति पर विचार किया जाएगा।

नोटः यदि कोई भी दस्तावेज/प्रमाण-पत्र हिंदी या अंग्रेजी के अलावा अन्य किसी भाषा में है, तो उसकी स्वयं द्वारा प्रमाणित प्रतिलिपि प्रस्तुत की जानी चाहिए।

(ख) (i) आवेदन-पत्र सहायक महानिदेशक(प्रशा.), कमरा सं. 207, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद, वी. रामलिंगस्वामी भवन, अंसारी नगर, पोस्ट बॉक्स सं.-4911, नई दिल्ली-110029 को 29.09.2018 तक या उससे पहले पहुंच जाने चाहिएं।

(ii) आवेदन प्राप्ति की अंतिम तारीख के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन-पत्र या शुल्क रहित आवेदन या अपूर्ण आवेदन या अपेक्षित दस्तावेजों रहित आवेदन पत्रों को बिना कोई पत्राचार किए रद्द कर दिया जाएगा। डाक के विलंभ के कारण देरी से प्राप्त होने वाले आवेदन-पत्र के लिए आईसीएमआर जिम्मेदार नहीं होगा।

**8. चयन प्रक्रियाः**

(क) चयन (i) लिखित परीक्षा (ii) प्रकाशन, अनुभव, पुरस्कार आदि और (iii) व्यक्तिगत चर्चा / साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा।

(ख) लिखित परीक्षा 100 अंकों की होगी, जिसमें वस्तु-निष्ठ / एमसीक्यू प्रकार के 100 प्रश्न होंगे और प्रत्येक सही प्रश्न के लिए 1 अंक होगा। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 0.25 अंक की कटौती की जाएगी।

क्रमशः..........3

**9. महत्वपूर्ण टिप्पणीः**

(i) व्यक्तिगत चर्चा / साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने वाले दिल्ली से बाहर के उम्मीदवारों को प्रतिबंधित या वास्तविक लघुतम मार्ग, जो भी कम होगा, का टिकट प्रस्तुत करने पर द्वितीय श्रेणी का रेल भाड़ा दिया जाएगा और विदेशी उम्मीद्वारों के लिए व्यक्तिगत चर्चा / साक्षात्कार के स्थान से उनके भारत में स्थायी निवास तक का लघुतम मार्ग का रेल किराया अदा किया जाएगा।

(ii) आवेदकों को लिफाफे के उपर "वैज्ञानिक सी" (आईजेएमआर), परिषद मुख्यालय के पद के लिए आवेदन-पत्र स्पष्ट रूप से लिखना चाहिए।

(iii) चयन या भर्ती के संबंध में उम्मीदवारों द्वारा या उनकी ओर से किसी प्रकार का संपर्क करना या राजनीतिक या बाहरी प्रभाव डालना अयोग्यता माना जाएगा।

(iv) चयन प्रक्रिया से संबंधित मुद्दे पर कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

सहायक महानिदेशक(प्रशासन)